उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–8811/26

दिनांक 26.11.26

ई–मेल माध्यम

सेवा में,

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य,
समस्त आवेदित नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र (निजी क्षेत्र)
(ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषय–स्थलीय निरीक्षण कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–8726/26 दिनांक 25.11.2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि ऑनलाईन आवेदन के सापेक्ष एन0ओ0सी0 हेतु आपकी संस्था का स्थलीय निरीक्षण द्वितीय चक्र (Inspection Cycle) **दिनांक 28.11.2026 से 02.12.2026 के मध्य** किसी भी कार्य दिवस (रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोडकर) में इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित मानकों पर कराया जाना प्रस्तावित है। स्थलीय निरीक्षण की प्रक्रिया में प्रतिदिन दो संस्थाओं का निरीक्षण दो अलग–अलग पालियों में सम्पन्न किया जायेगा। उक्त से अवगत होते हुए आवेदित पाठ्यक्रम से संबंधित अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों को पूर्व से ही तैयार कराकर रखे एवं निरीक्षण के समय निरीक्षण दल को मूल रूप से अवलोकित कराने का कष्ट करें।

कार्यालय के पत्र संख्या–8726/26 दिनांक 25.11.2026 के द्वारा पूर्व में ही सूचित किया गया था कि जो संस्थान उक्त द्वितीय चक्र (Inspection Cycle) में स्थलीय निरीक्षण नहीं कराना चाहते है वह संस्थान **दिनांक 26.11.2026** तक अवश्य कार्यालय की **ई–मेल आई0डी0 collegeopening@upsmfac.org** पर ही सूचित करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण दल के पहुँचने पर यदि आप द्वारा निरीक्षण नहीं कराया जाता है तो उसको एक निरीक्षण माना जायेगा।

सूच्य हो कि संस्थाओं द्वारा द्वितीय चक्र में आवेदित पाठ्यक्रमों हेतु किये जा रहे स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त प्राप्त हुई निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार अर्ह पायी गयी संस्थाओं को निर्गत एन0ओसी0/मान्यता आगामी सत्र् (2027–28) से मान्य होगी।

आप द्वारा किये गये आवेदन के संबंध में नवीनतम जानकारी हेतु कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org का अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या–
दिनांक –

प्रतिलिपि–महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।